# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज हरियाणा के करनाल में राज्य सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 'अंत्योदय महासम्मेलन' को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया

गृह मंत्री ने इस अवसर पर 5 जनकल्याणकारी योजनाओं - मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना, आयुष्मान भारत चिरायु योजना, हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड, मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना और HAPPY यानी हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना– का भी शुभारंभ किया

केंद्र में मोदी जी और हरियाणा में मनोहर लाल जी की सरकार ने हरियाणा के 45 लाख लोगों के जीवन में उजाला लाने का काम किया

चाहें पढ़ी-लिखी पंचायतें हो, महिलाओं की 50% भागीदारी हो, सभी घरों में पेयजल पहुँचाना हो या पहला आयुष विश्वविद्यालय बनाना हो, मोदी जी और मनोहर लाल जी की जोड़ी ने हर क्षेत्र में हरियाणा को नंबर 1 बनाने का काम किया है

हरियाणा की मनोहर लाल सरकार देश में सबसे ज्यादा 14 फसलों को MSP पर खरीदती है

पहले हरियाणा में भय, भूख व भ्रष्टाचार-युक्त शासन था, यहां भूमि की नीलामी होती थी और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, डबल इंजन सरकार ने यहाँ विकास कर हरियाणा को विकसित बनाने का काम किया

पिछली सरकारों ने यहां सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार कर अपने ही लोगों को नौकरियां दीं, लेकिन मनोहर लाल सरकार ने बिना किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार के योग्यता के आधार पर नौकरी देने का काम किया

पिछली सरकार Cut, Commission और Corruption की सरकार थी, लेकिन हरियाणा की मनोहर लाल सरकार ने राज्य के हर वर्ग के व्यक्ति

# की चिंता की है

# मोदी जी ने वन रैंक, वन पेंशन की मांग पूरी कर हरियाणा सहित पूरे देश के सेना के सभी वीरों का सम्मान करने का काम किया है

प्रविष्टि तिथि: 02 NOV 2023 4:37PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज हरियाणा के करनाल में राज्य सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 'अंत्योदय महासम्मेलन' को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। गृह मंत्री ने इस अवसर पर 5 जनकल्याणकारी योजनाओं - मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना, आयुष्मान भारत चिरायु योजना, हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड, मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना और HAPPY यानी हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना– का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा किसानों और वीरों की भूमि है, देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों में पूरे देश में सबसे पहला स्थान हरियाणा का है और इस राज्य ने कृषि और डेयरी के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान गढ़े हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज यहां 5 जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत हुई है और उनमें से एक मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी जी को 2 बार बहुमत के साथ प्रधानमंत्री चुना। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर का भूमि पूजन किया और अब 22 जनवरी, 2024 के दिन इसकी प्राण प्रतिष्ठा भी मोदी जी ही करेंगे। उन्होंने हरियाणा के नागरिकों से मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत अपने परिवारों के बुजुर्गों को सबसे पहले रामलला के दर्शनों के लिए लेकर जाने का अनुरोध किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र और श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने पिछले 9 सालों में देश और हरियाणा को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 सालों में देश में 7 IIT, 7 IIM, 15 AIIMS, 390 विश्वविद्यालय,

700 मेडिकल कॉलेज बने और 54 हज़ार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ। इसी प्रकार हरियाणा में श्री मनोहर लाल जी ने 77 नए कॉलेज, 13 नए विश्वविद्यालय, 8 मेडिकल कॉलेज, 2 नए एयरपोर्ट, 16 नए अस्पताल और 28 हज़ार किलोमीटर से अधिक सड़कें बनाईं हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार और हरियाणा की मनोहर लाल सरकार से सीखना चाहिए कि विकास कैसे किया जाता है।




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार या राज्य की वर्षगांठ को मनाने का गरीब कल्याण से अच्छा कोई और तरीक़ा हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय का मंत्र दिया था कि किसी भी देश या प्रदेश के विकास का पैमाना, समाज के सबसे निचले तबके के व्यक्ति का विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज का ये अंत्योदय महासम्मेलन इसीलिए उचित है क्योंकि श्री नरेन्द्र मोदी जी और श्री मनोहर लाल जी की डबल इंजिन की सरकार ने छोटे से हरियाणा राज्य में 45 लाख लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और श्री मनोहर लाल जी का हर निर्णय गरीब कल्याण के लिए है और राज्य के 40 लाख लोगों को राशन कार्ड देने का काम राज्य सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने 20 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 6000 रूपए पहुंचाकर हर साल 4500 करोड़ रूपए किसान कल्याण के लिए देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल जी ने राज्य में 30 लाख से अधिक नल कनेक्शन, 85 लाख से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना कार्ड, जिनमें आयुष्मान भारत चिरायु योजना के तहत आज 17 लाख लोग और जुड़ गए हैं, देने का काम किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने हरियाणा में साढ़े सात लाख से ज्यादा शौचालय बनाए और 1 करोड़ 20 लाख लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मुफ्त देने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि राज्य में 28,000 नए घर बनाए गए हैं और उज्ज्वला योजना के तहत 8 लाख गैस कनेक्शन देकर हरियाणा

को धुआंमुक्त बनाने का सम्मान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिया है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री ने वृद्धावस्था, दिव्यांगजन पेंशन की राशि को 2,725 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर नए वर्ष से 3 हजार रुपए प्रति माह कर दिया है।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा के खेत अन्न रूपी सोना उगलते हैं, यहां के खिलाड़ी खेलों में पदकों की झड़ी लगा देते हैं और यह राज्य देश में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में हर दसवां जवान हरियाणा का है और सबसे ज्यादा 14 फसलों को हरियाणा सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदती है। उन्होंने कहा कि चाहें पढ़ी-लिखी पंचायतें हों, महिलाओं की 50% भागीदारी हो, सभी घरों में पेयजल पहुँचाना हो या पहला आयुष विश्वविद्यालय बनाना हो, मोदी जी और मनोहर लाल जी की जोड़ी ने हर क्षेत्र में हरियाणा को नंबर 1 बनाने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि हरियाणा में पूरे देश में प्रति व्यक्ति जीएसटी कलेक्शन सबसे ज्यादा है और देश की अर्थव्यवस्था में इसका योगदान 4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में हरियाणा देश में दूसरे और दूध उत्पादन में तीसरे स्थान पर है, 400 से अधिक फार्च्यून कंपनियों के मुख्यालय गुरूग्राम में हैं और लॉजिस्टिक्स सुविधा देने में भी हरियाणा दूसरे नंबर पर है।

श्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष ने हरियाणा की जनता को भय, भूख और भ्रष्टाचार-युक्त शासन दिया था। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भूमि की नीलामी होती थी और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब रहती थी। पिछली सरकारों ने यहां सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार कर अपने ही लोगों को नौकरियां दीं, लेकिन मनोहर लाल सरकार ने बिना किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार के योग्यता के आधार पर नौकरी देने का काम किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी और मनोहर लाल जी की सरकार ने पूरे प्रदेश का एकसमान विकास करने का काम किया है।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 9 सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत को यश दिलाने वाले कई काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत का चंद्रयान चंद्रमा पर पहुंच गया, जी20 सम्मेलन में सारे देशों ने प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रशंसा की और सभी अतिथि देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित दी, जिससे हर भारतीय गौरवान्वित हुआ है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजपथ को कर्तव्यपथ बनाया और अंग्रेजों के शासनकाल में बनी देश की पुरानी संसद की जगह नई संसद बनाकर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद पहली बार केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% आरक्षण देकर नीति निर्धारण में हिस्सेदार बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया आशा और उमंग के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ओर देख रही है और अफ्रीकन यूनियन के जी20 का सदस्य बनने के साथ ही आज दुनिया के सभी गरीब राष्ट्र प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एक नए नेता के रूप में देख रहे हैं।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार Cut, Commission और Corruption की सरकार थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की श्री मनोहर लाल जी की सरकार ने अपने दो कार्यकाल में हर गरीब, गांव, बीमार, भूखे, बच्चे और बूढ़े की चिंता की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को समाप्त करना और कानून—व्यवस्था को दुरुस्त करना बहुत कठिन था, लेकिन मनोहर लाल जी ने कठोरता के साथ यह कर दिखाया। श्री शाह ने कहा कि पिछली सरकार ने 10 सालों के शासन में हरियाणा को डिवोल्यूशन और ग्रांट-इन-एड के माध्यम से सिर्फ 40,000 करोड़ रुपए दिए थे, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 9 सालों में इसे बढ़ाकर 1 लाख 32 हज़ार करोड़ रुपए कर दिया। इसके साथ ही 20 हज़ार करोड़ रुपए की लागत से आर्थिक गलियारा परियोजना और 12,150 करोड़ रुपए की लागत से हरियाणा से गुजरने वाला दिल्ली—मुंबई एक्सप्रेसवे भी मोदी सरकार ने हरियाणा को दिया है। उन्होंने कहा कि 64,000 करोड़ रुपए की लागत से कुंडली—मानेसर—पलवल एक्सप्रेसवे और 19 किलोमीटर लंबे द्वारका एक्सप्रेसवे के पहले खंड का उद्घाटन हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेवाड़ी-मदार स्टेशन का उद्घाटन हो चुका है और इसके साथ ही 21,000 करोड़ रूपए रेलवे ने निवेश किए हैं जबकि 20,594 करोड़ रुपए की लागत और 700 मेगावॉट की क्षमता वाली बिजली उत्पादन इकाई की स्थापना का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। श्री शाह ने कहा कि हरियाणा में 2G इथेनॉल बायो रिफाइनरी का उद्घाटन भी हुआ है और 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से 886 एकड़ में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनाने का काम भी यहां हुआ है।

श्री अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त, 2019 को बिना किसी रक्तपात के कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सीमाओं को सुरक्षित, देश की सेनाओं का आधुनिकीकरण करने और सीमाओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाकर हमारी सेनाओं को सुविधा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वन रैंक, वन पेंशन की मांग पूरी कर हरियाणा सहित पूरे देश के सेना के सभी वीरों का सम्मान करने का काम किया है।

*****

**आरके / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 1974136) आगंतुक पटल : 435